TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

03 सितंबर 2024


Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

जो मूर्ख अपनी मूर्खता को जानता है वह धीरे-धीरे सीख सकता है पर जो मूर्ख अपने को बुद्धिमान समझता है उसका रोग असाध्य है।

**अरस्तू**



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

**शशिधर उज्जवल**

## 03 सितम्बर

1. **कार्ल डेविड एंडरसन का जन्म–** अमेरिकन भौतिकविद् कार्ल डेविड एंडरसन का जन्म 3 सितम्बर, 1905 ई. को न्यूयार्क, यू.एस.ए. में हुआ। इन्हें पॉजिट्रान (पॉजिटिव इलेक्ट्रॉन) की खोज के लिए सन् 1936 में भौतिकी का नोबेल पुरस्कार मिला।
2. **रोशन आरा बेगम का जन्म–** मुगल सम्राट शाहजहाँ और उनकी पत्नी मुमताज महल (नूरजहां) की दूसरी पुत्री रोशन आरा बेगम का जन्म 3 सितम्बर, 1617 ई. को बुरहानपुर में हुआ था। रोशन आरा एक शानदार महिला और एक प्रतिभाशाली कवि थी। मुगल वंश के अगले उत्तराधिकारी के युद्ध में उसने औरंगजेब का पक्ष लिया। वह राजधानी में होने वाली समस्त गतिविधियों की सूचना गुप्त रूप से औरंगजेब को भेजते रहती थी।
3. **किशन महाराज का जन्म–** सुप्रसिद्ध तबला वादक पंडित किशन महाराज का जन्म 3 सितम्बर, 1923 ई. को कबीरचौरा, वाराणसी (उत्तरप्रदेश) में हुआ था। कृष्ण जन्माष्टमी के आधी रात को जन्म होने के कारण उनका नाम किशन रखा गया। किशन महाराज को वर्ष 1973 में पद्म श्री, 2002 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।
4. **साक्षी मलिक का जन्म–** लामिनी साक्षी मलिक भारतीय महिला पहलवान हैं जिनका जन्म 3 सितम्बर, 1992 ई. को रोहतक, हरियाणा में हुआ। इन्होंने वर्ष 2016 में ब्राजील में हुए ग्रीष्मकालीन ओलम्पिक में कांस्य पदक जीता है। भारत के लिए ओलम्पिक पदक जीतने वाली वे पहली महिला खिलाड़ी हैं। इसके पूर्व वर्ष 2012 में राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत पदक जीता था।
5. **कतर को स्वतंत्रता प्राप्त–** कतर अरब प्रायद्वीप के उत्तर–पूर्वी तट पर स्थित एक छोटा प्रायद्वीप है। प्रथम विश्वयुद्ध के बाद यह ब्रिटेन के संरक्षण में रहा। वर्ष 1971 में 3 सितम्बर को ही युनाइटेड किंगडम से स्वतंत्रता प्राप्ति हुई। कतर की राजधानी दोहा और मुद्रा रियाल है।
6. **गगनचुंबी दिवस–** गगनचुंबी दिवस (स्काई स्क्रेपरर्स डे) प्रत्येक वर्ष 3 सितम्बर को मनाया जाता है, इस दिन दुनिया भर के ऊँची इमारतों के निर्माण, तकनीक और महत्व को लेकर चर्चा की जाती है। दुनिया की चर्चित गगन चुंबी इमारतों में बुर्ज खलीफा (2,717 फीट) दुबई (युएई), शंघाई टावर (2,073 फीट) चीन, मक्का रॉयल क्लॉक टावर (1,972 फीट) मक्का (सउदीअरब), वर्ल्ड ट्रेड सेंटर (1,776 फीट) न्युयार्क (युएसए), ताइपे 101 (1,667 फीट) ताइपे (ताइवान), शंघाई वर्ल्ड फाइनैंशल सेंटर (1,614 फीट) चीन, इंटरनेशनल कॉमर्स सेंटर (1,588 फीट) हांगकांग (चीन), पेट्रोनस ट्विन टॉवर (1,483 फीट) क्वालालम्पुर (मलेशिया) आदि हैं।

Tuesday

/teachersofbihar


*Madhu priya*

# दिवस विशेष

3 सितंबर

मधु प्रिया


## किशन महाराज का जन्म 3 सितंबर



मशहूर तबला वादक पंडित किशन महाराज का जन्म 3 सितंबर, 1923 ई. को वाराणसी में कबीर चौरा नामक स्थान पर हुआ। उनके पिता का नाम पंडित हरि महाराज था। किशन महाराज का घराना पंडित किशन महाराज बनारस घराना से जुड़े थे।किशन महाराज के गुरु पंडित किशन महाराज के गुरु का नाम पंडित कंठे महाराज था। 1973 में उन्हें पदम श्री तथा 2002 ई. में उन्हें पदम विभूषण से सम्मानित किया गया। केन्द्रीय संगीत नाटक पुरस्कार , उस्ताद इनायत अली खान पुरस्कार,दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार,ताल विलास, उत्तरप्रदेश रत्न, उत्तरप्रदेश गौरव,भोजपुरी रत्न, भागीरथ सम्मान,लाइफ टाइम अचीवमेंट सम्मान मिला। किशन महाराज ने तबले की थाप की यात्रा शुरू करने के कुछ साल के अंदर ही पंडित ओंकार नाथ ठाकुर, उस्ताद बड़े गुलाम अली खान, उस्ताद फैय्याज खान, पंडित भीमसेन जोशी, वसंत राय, पंडित रवि शंकर, उस्ताद अली अकबर खान जैसे बड़े नामों के साथ संगत की। कई बार उन्होंने संगीत की महफिल में एकल तबला वादन भी किया। इतना ही नहीं नृत्य की दुनिया के महान हस्ताक्षर शंभु महाराज, सितारा देवी, नटराज गोपी कृष्ण और बिरजू महाराज के कार्यक्रमों में भी उन्होंने तबले पर संगत की। उन्होंने एडिनबर्ग और वर्ष 1965 में ब्रिटेन में कॉमनवेल्थ कला समारोह के साथ ही कई अवसरों पर अपने कार्यक्रम प्रस्तुत कर प्रतिष्ठा अर्जित की। उनके शिष्यों में वर्तमान समय के जानेमाने तबला वादक पंडित कुमार बोस, पंडित बालकृष्ण अय्यर, सुखविंदर सिंह नामधारी सहित अन्य नाम शामिल हैं। 4 मई 2008 ई. को बनारस के निकट खजूरी में उनकी मृत्यु हो गई।

# जयंती विशेष 03 सितंबर

राकेश कुमार




**पंडित किशन महाराज** *Pt. Kishan Maharaj*, जन्म: 3 सितंबर, 1923 - मृत्यु: 4 मई, 2008) भारत के सुप्रसिद्ध तबला वादक थे। ये बनारस घराने के वादक थे। इन्हें कला क्षेत्र में योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा सन 1973 में पद्म श्री और सन 2002 में पद्म विभूषण से भी सम्मानित किया गया था। किशन महाराज तबले के उस्ताद होने के साथ साथ मूर्तिकार, चित्रकार, वीर रस के कवि और ज्योतिष के मर्मज्ञ भी थे।

राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 03.09.2024

## गुणात्मक शोध

गुणात्मक शोध विभिन्न पद्धतियों के लिए एक व्यापक शब्द है जो मानवीय अनुभवों, व्यवहारों और सामाजिक घटनाओं को उनके संदर्भ में समझने और व्याख्या करने पर ध्यान केंद्रित करता है। ये दृष्टिकोण भाषा, क्रियाओं और अभिव्यक्तियों के विश्लेषण के माध्यम से गहन, समृद्ध डेटा एकत्र करने का प्रयास करते हैं।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



## सुनील छेत्री

बाईचुंग भूटिया के बाद सुनील भारत के दूसरे ऐसे फुटबॉलर रहे हैं जिनका करियर भारतीय फुटबॉल में 15 साल से ज्यादा रहा है। वह भारत के लिए सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं, उन्होंने अपने इंटरनेशनल करियर में 118 मैचों में 74 गोल दाग चुके हैं

PART- 2

# TOBTLM 153

## धातु और अधातु

कक्षा 10

## धातु और अधातु के भौतिक गुणों में अन्तर

| धातु (Metal) | अधातु (Non - Metal) |
|---|---|
| **तन्यता (Ductility)** | |
| धातुएं प्रायः तन्य होते हैं। | अधातुएं तन्य नही होते हैं। |
| अपवाद (Exception) | |
| लीथियम, सोडियम, पोटेशियम और पारा | |
| **विद्युत चालकता (Electrical Conductivity)** | |
| धातुएं प्रायः विद्युत चालन करते हैं। | अधातूएं विद्युत चालन नही करते हैं। |
| अपवाद (Exception) | |
| लेड, बिस्मथ और पारा | ग्रेफाईट |
| **ऊष्मा चालकता (Thermal conductivity)** | |
| धातुएं ऊष्मा का चालन करते हैं। | अधातुएं ऊष्मा का चालन नहीं करते हैं। |
| अपवाद (Exception) | |
| लेड | हीरा |

TEACHERS OF BIHAR THE CHANGE MAKERS

# TOB
राकेश कुमार
# खेल कॉर्नर
## खेल सामान्य ज्ञान

Q. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद् का मुख्यालय कहाँ है ?
दुबई

Q. इंग्लिश चैनल को तैरकर पार करने वाले प्रथम भारतीय कौन थे ?
मिहिर सेन

Q. टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले प्रथम भारतीय है ?
वीरेंद्र सहवाग

Q. प्राचीन भारत में कौन सा खेल बहुत लोकप्रिय था ?
शतरंज

Q. किसने टेस्ट मैच में एक भी तिहरा शतक नहीं बनाया ?
सचिन तेंदुलकर

Q. अपूर्वी चंदेला किससे सम्बंधित है ?
निशानेबाजी

Q. ऑस्ट्रेलियन क्रिकेट टीम की कैप का रंग क्या है ?
हरा

Q. इंग्लैंड का राष्ट्रीय खेल क्या है ?
क्रिकेट

Q. ललिता बब्बर किससे सम्बंधित है ?
दौड़

Q. कोबे ब्रायंट किस खेल के साथ जुड़े हुए है ?
बास्केटबॉल

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



3 सितंबर 1992

## भारत के लिए ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली महिला पहलवान

# साक्षी मल्लिक


के जन्मदिवस पर अनंत शुभकामनाएं।

Happy Birthday

Madhu priya

www.teachersofbihar.org

TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS



प्रख्यात तबला वादक एवं
पद्म विभूषण से सम्मानित

# किशन महाराज



की जयंती पर सादर नमन।

3 सितंबर 1923 - 4 मई 2008

Madhu priya

www.teachersofbihar.org




भारत के सुप्रसिद्ध तबला वादक एवं पद्म विभूषण

# पंडित किशन महाराज

की जयंती पर सादर नमन

03 सितंबर 1923 - 04 मई 2008

Punita Kumari

03 सितंबर



भारत के लिए ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली महिला पहलवान

# साक्षी मलिक

को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

03 सितंबर 1992

Happy Birthday

Punita Kumari